महर्षि सांदीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान
(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार)
वेदविद्या मार्ग, चिन्तामण गणेश, पो.ऑ. – जवासिया, उज्जैन – 456006 (म.प्र.)
Maharshi Sandipani Rashtriya Vedavidya Pratishthan
(Ministry of Education, Govt. of India)
Ved Vidya Marg, Chintaman Ganesh, P.O. Jawasia, Ujjain – 456006 (M.P.)

प.सं.17-3/2019(प्र./वि.)/मसारावेविप्र/

दिनांक : 18.01.2023

कार्यालय ज्ञापन - 1206

अन्तर्राष्ट्रीय बाजरा वर्ष (International Year of Millets –IYoM), **2023 मनाने के सम्बन्ध में ।**

सिंधु घाटी सभ्यता के काल में भारत में सर्वाधिक उत्पादन वाली फसलों में बाजरा मुख्य खरीफ फसल थी । बाजरा की खेती के लिए बहुत ही कम पानी एवं कृषि संसाधनों की आवश्यकता होती है । संयुक्त राज्य अमेरिका के बाद भारत बाजरा का सबसे बड़ा उत्पादक देश है ।

बाजरा के उत्पादन के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने एवं बाजरे के अधिकाधिक उत्पादन बढ़ाने के उद्देश्य से संयुक्त राष्ट्र द्वारा दिनांक 5-3-2021 को वर्ष 2023 को **"अन्तर्राष्ट्रीय बाजरा वर्ष,2023** (International Year of Millets – IYoM, 2023) के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया है ।

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय बाजरा वर्ष, 2023 की सफलता हेतु सात सूत्रीय सिद्धान्त जारी किए हैं :-

- उत्पादन तकनीक में वृद्धि
- स्वस्थ आहार के फायदे
- मूल्य संवर्धन, प्रसंस्करण एवं पाक कला विकास
- उद्यमिता, नए उद्योग, सामुहिक विकास
- जागरूकता निर्माण – ब्रांडिंग, लेबलिंग एवं प्रचार
- अन्तर्राष्ट्रीय कार्यक्रम
- मुख्यधारा के लिए नीति निर्धारण

प्रतिष्ठान से अनुदानित समस्त वेदपाठशाला / गुरू-शिष्य परम्परा इकाई अध्यापकों को सूचित किया जाता है, कि वेद अध्ययन करने वाले छात्रों के सर्वांगीण विकास हेतु प्रतिदिन छात्रों को पौष्टिक आहार प्रदान करें । जिसमें गेहूं के साथ ही बाजरा के आटे का भी उपयोग किया जाए । सप्ताह में एक-दो बार भोजन में बाजरा की रोटी बनाई जाए तथा बाजरे के आटे से बने पौष्टिक व्यंजन नाश्ते में छात्रों को प्रदान करें ।

(प्रो. विरूपाक्ष वि. जड्डीपाल)
सचिव

प्रतिलिपि : (1) सहायक निदेशक , म.सा.रा.वे.वि.प्र, उज्जैन
(2) समस्त वेदपाठशाला / गुरू-शिष्य परम्परा इकाई अध्यापकों को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रतिष्ठान की वेबसाइट पर प्रकाशनार्थ ।
(3) कार्यालय आदेश पत्रावली।

Tele : 0734-2502266, 2502254, 2502255 Fax : 0734-2502266
E-mail :msrvvpujn@gmail.com Website : msrvvp.ac.in